Name .....Roll No.....RS

वार्षिक परीक्षा-2023

समय-3.00 घण्टे कक्षा-XI पूर्णांक-100

विषय-लेखाशास्त्र

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

बहुविकल्पीय प्रश्न-10 अंक

1. (क) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली है -
   (अ) प्रबंध प्रणाली (ब) सूचना प्रणाली
   (स) लेखांकन सूचना प्रणाली (द) इनमें से कोई नहीं

   (ख) "लाभ की आशा न करें और सभी संभव हानियों के लिये प्रावधान करें।" इसका कारण है।
   (अ) नियमितता की परम्परा (ब) रूढ़िवादिता की परम्परा
   (स) प्रदर्शन की परम्परा (द) इनमें से कोई नहीं

   (ग) छोटे-छोटे भुगतानों को दिखाये जाने वाली बही को कहते हैं -
   (अ) रोकड़ बही (ब) लघु रोकड़ बही
   (व) दो खाने वाली रोकड़ बही (द) इनमें से कोई नहीं

   (घ) तलपट है -
   (अ) विवरण (ब) खाता (स) सारांश (द) खाताबही

   (ङ) यदि विपत्र की देय तिथि पर सार्वजनिक अवकाश का दिन हो, तो उसकी देय तिथि होगी।
   (अ) आगामी दिन (ब) पूर्व का दिन
   (स) उसी दिन (द) एक महीने बाद

   (च) पूर्वदत्त खाता है -
   (अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता
   (स) नाममात्र खाता (द) इनमें से कोई नहीं

   (छ) व्यापार के स्वामी ने व्यापार से माल लिया है। इसे दिखाते हैं।
   (अ) क्रय से घटाकर (ब) विक्रय से घटाकर
   (स) लाभ से घटाकर (द) इनमें से कोई नहीं

   (ज) विक्रय हेतु खरीदें गये माल की लागत है -

P.T.O.

(अ) आयगत व्यय (ब) पूँजीगत व्यय
(स) स्थगित आयगत व्यय (द) इनमें से कोई नहीं

(झ) जब तलपट का योग नहीं मिलता तो इस स्थिति में कौन-सा खाता खोला जाता है -
(अ) व्यापारिक खाता (ब) भूलचूक खाता
(स) लाभ हानि खाता (द) इनमें से कोई नहीं

(ञ) जर्नल बनाने का प्रमुख उद्देश्य है -
(अ) व्यवसाय की वित्तीय स्थिति जानना
(ब) रोकड़ लेन-देनों का लेखांकन
(स) व्यावसायिक लेन-देनों को दर्ज करना
(द) खाताबही में खतौनी करना

2. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न-प्रत्येक प्रश्न 2 अंक

(क) प्रबंधकीय लेखांकन से क्या आशय है?
(ख) स्थगित आयगत व्यय से क्या आशय है?
(ग) प्रथम ईकाई अवधारणा को समझाइए।
(घ) अनुपार्जित आय से क्या आशय है?
(ङ) लेखांकन समीकरण को समझाइए।
(च) विपत्र के अनादरण से क्या आशय है?
(छ) खाताबही तैयार करने के दो लाभ लिखिए।
(ज) अनुग्रह बिल से क्या आशय है?
(झ) क्षतिपूरक अशुद्धियों से क्या आशय है?
(ञ) उचन्त खाते से क्या आशय है?

3. लघु उत्तरीय प्रश्न-प्रत्येक प्रश्न 5 अंक

(क) पूँजीगत एवं आयगत व्ययों में प्रमुख अंतर लिखिए।
(ख) हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर में प्रमुख अंतर लिखिए।
(ग) लेखांकन के प्रमुख स्वरूपों का वर्णन कीजिए।
(घ) रोकड़बही कितने प्रकार की होती है? संक्षेप में बताइए।
(ङ) मानवीय एवं कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की तुलना कीजिए।
(च) विनिमय विपत्र एवं प्रतिज्ञा पत्र में प्रमुख अंतर लिखिए।

4. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-प्रत्येक प्रश्न 10 अंक

(क) मि0 अभिनव का 31 मार्च 2019 को व्यापार खाता, लाभ हानि

खाता एवं आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

Dr.		Cr.	
प्रारम्भिक स्टाक	10000 रु0	बैंक ऋण	4400 रु0
भवन	24000	लेनदार	11600
देनदार	17000	पूँजी	32000
मशीन	10000	विक्रय	139000
आहरण	4000	छूट	400
बीमा	1500	क्रय वापसी	800
क्रय	90000	कमीशन	750
कार्यालय व्यय	3600	संदिग्ध ऋण प्रावधान	400
विक्रय वापसी	600	देय विपत्र	4650
वेतन	8000		
आगत भाड़ा	1250		
अशोध्य ऋण	300		
प्राप्य विपत्र	4500		
रोकड़	19250		
योग	194000	योग	194000

समायोजनायें-

1. 31 मार्च 2019 को अंतिम रहतिया 12000 रु0 था।
2. अदत्त वेतन 800रु0 तथा पूर्वदत्त बीमा 150रु0 था।
3. भवन 2 प्रतिशत तथा मशीन पर 10 प्रतिशत ह्रास लगाइए।
4. संदिग्ध ऋणों के लिये 5 प्रतिशत प्रावधान करिए।

अथवा

समायोजन से क्या आशय है? किन्हीं पाँच समायोजनाओं का नियम सहित वर्णन कीजिए।

(ख) मैं अशोक एण्ड कम्पनी के तलपट के Dr. पक्ष का योग Cr.के योग से 261 रु0 अधिक है। इस अंतर को उचन्त खाते में डाल दिया गया। निम्नलिखित अशुद्धियों के सुधार के लिये लेखे करिए एवं उचन्त खाता बनाइए।

1. एक व्यक्तिगत खाते के Cr. का योग डेबिट में 439 रु0 लिखा गया।

2. फर्नीचर पर काटा गया ह्रास रु0 625 ह्रास खाते में नहीं लिखा गया।
3. 9000 रु0 का फर्नीचर खरीदा जिसे क्रय खाते में लिखा गया।
4. एक ग्राहक को दी गयी छूट रु0 154 के स्थान पर 145रु0 क्रेडिट की गयी।
5. रु0 594 की बिक्री को विक्रय खाते में 495 रु0 लिखा गया।
6. विक्रय वापसी बही का योग रु0 100 कम लगाया गया।

अथवा

अशुद्धि सुधार से क्या आशय है? अशुद्धियां कितने प्रकार की होती है?

(ग) 1 जनवरी 2020 को राम ने श्याम को 6000 रु0 का माल बेचा। इस राशि के लिये श्याम ने 3 माह का एक बिल स्वीकार किया। राम ने बिल को 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुना लिया। देय तिथि पर बिल अनादरित हो गया और 100 रु0 नोटिंग व्यय हुये। श्याम ने 2000 रु0 तथा निकराई व्यय नकद चुकाये और एक दूसरा बिल तीन माह का 4000 रु0 में 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज जोड़कर स्वीकार करके दिया। देय तिथि पर बिल का भुगतान हो गया। दोनों के यहाँ जर्नल लेखे करिये।

अथवा

विनिमय से क्या आशय है? इसकी विशेषतायें लिखिए व विपत्र का नमूना बनाइए।

(घ) कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली के प्रमुख लाभ लिखिए।

अथवा

कम्प्यूटर प्रणाली के प्रमुख भौतिक उपकरणों का वर्णन कीजिए।

❖❖❖